संक्षिप्त

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन

टोंक। निवाई में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पीसीसी सचिव व जिला प्रभारी राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में हुआ। कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को सौंपा। सचिव चौधरी ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों से आम जनता का जीवन मुश्किल हो गया है। इस विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट, सतीश शर्मा, महावीर प्रसाद, पारस पहाड़ी, सहित ब्लॉक व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, इकाई अध्यक्ष और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिविर का शुभारंभ

लालसोट। भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं सनातन संस्कारों से नई पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश्य से 31 मई से परशुराम मंदिर में संस्कार शिविर का शुभारंभ होगा। शिविर को लेकर बच्चों एवं अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है तथा रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए लगातार संपर्क किया जा रहा है। शिविर में बच्चों को योग, ध्यान, भजन, श्लोक, नैतिक शिक्षा, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाएगी। आयोजकों ने बताया कि आधुनिक दौर में बच्चों को संस्कारवान एवं संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया जा रहा है। संस्कार शिविर के शुभारंभ को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं तथा क्षेत्र के लोग इसे समाज के लिए सकारात्मक पहल बता रहे हैं।

तीन आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा एवं वृताधिकारी आशीष कुमार प्रजापत के सुपरविजन में मालपुरा थानाधिकारी चेनाराम बेडा के नेतृत्व में गठित थाना पुलिस टीम ने कस्बा मालपुरा में गुरूवार रात के समय सोते हुये बुर्जुग व्यक्ति के कान में पहने हुयी सोने की मुर्की लूट कर ले जाने कि वारदात करने वाले तीन अपराधियों को गिफ्तार किया है। इस कार्यवाही में टीम ने तकनीक संसाधनो व मुखवीर की सूचना के आधार पर प्रकरण मे लिप्त मुख्य आरोपी रामस्वरुप पुत्र मिटु कालबेलिया उम्र 27 साल निवासी रूपाहेली, महेन्द्र पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र 18 साल निवासी नानस्या पाडलिया थाना निवायी जिला अजमेर व राजु पुत्र जगदीश कालबेलिया उम्र 26 साल निवासी देशमी थाना मालपुरा की तलाश कर उन्हे गिरफ्तार किया गया है।

शहीदों को श्रद्धांजलि दी

कोटपूतली। ग्राम कल्याणपुरा खुर्द स्थित वीर गुर्जर शहीद स्मारक पर शुक्रवार को गुर्जर आंदोलन के वीर शहीदों की स्मृति में वार्षिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों व आमजन ने नम आंखों से शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। प्रबंधक राजेंद्र कसाना ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि हक और अधिकारों की लड़ाई में किसी को निमंत्रण नहीं भेजे जाते। जिनका जमीर जिंदा होता है, वे खुद दौड़े चले आते हैं। उन्होंने बताया कि इस भव्य स्मारक का निर्माण पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने करवाकर समाज को समर्पित किया था। तभी से हर वर्ष 29 मई को यहाँ भव्य श्रद्धांजलि सभा होती है। वक्ताओं ने कहा कि गुर्जर समाज ने अपने हक, अधिकारों और आरक्षण की लड़ाई में 73 वीर योद्धाओं को खोया था। इन शहीदों के सर्वोच्च बलिदान की बदौलत ही समाज को 05 प्रतिषत आरक्षण का लाभ प्राप्त हुआ।

समारोह आज

लालसोट। संयुक्त कर्मचारी संघ खटवा द्वारा आज शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खटवा में नव चयनित कर्मचारी एवं प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रात: 9:15 बजे शुरू होगा, जिसमें क्षेत्र की प्रतिभाओं और नव चयनित कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।समारोह में मुख्य अतिथि एवं संरक्षक के रूप में विजय प्रकाश मीणा उपस्थित रहेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में हितेश चन्द्र मीणा, राहुल मीणा, ललित जारेड़ा एवं हनुमान सैनी शिरकत करेंगे।

पावटा में कांग्रेस का महंगाई व बिजली-पानी की किल्लत के विरोध में प्रदर्शन

पावटा। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (संयुक्त) पावटा विराटनगर की अगुवाई में विराटनगर में जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पावटा महादेव प्रसाद यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विराटनगर महेंद्र कुमार रातावल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया व विराटनगर बस स्टैंड से रैली के माध्यम से विराटनगर उपखंड कार्यालय पहुंचकर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा।

विराटनगर में भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली।

- कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया व विराटनगर बस स्टैंड से रैली के माध्यम से विराटनगर उपखंड कार्यालय पहुंचकर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के दामों में लगातार बेतहाशा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा हाल ही में सामने आए नीट पेपर लीक प्रकरण को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और आम जनता की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पावटा महादेव प्रसाद यादव, विराटनगर महेंद्र कुमार रातावल ने कहा कि आज देश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है, लेकिन सरकार रोजगार सृजन के बजाय केवल बड़े-बड़े दावे कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार हो रही अनियमितताओं और प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों और अभ्यर्थियों का विश्वास तोड़ दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप देगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विराटनगर महेंद्र कुमार रातावल ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का जीवन कठिन हो गया है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर बिजली एवं पानी की भीषण किल्लत बनी हुई है। आमजन को नियमित रूप से बिजली-पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाथावाला में वन्दे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण पर शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता प्रभारी समाज सेवा शिविर व्याख्याता रामप्यारी यादव द्वारा की गई। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जन्मदिन पर एक पौधा मॉ के नाम आपको वर्षा ऋतु में अपने घर पर खेत मे फलदार पेड़ लगाने का संकल्प करें। तब हमें भीषण गर्मी से निजात मिल सकेगी। हमारे घरों को ठंडा रखने एवं प्राणवायु आंक्सीजन की कमी दूर हो सकेगी। हमें जल का दुरूपयोग रोकने का सामुहिक रूप से संकल्प करना होगा।

राज्य मंत्री बेढ़म ने विद्युत विभाग के अधिकारियों व अभियंताओं के साथ बैठक की

डीग । राजस्थान सरकार के गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शुक्रवार को डाबक बृजनगर स्थित 220 व 132 केवी ग्रिड सब-स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात गृह राज्य मंत्री बेढम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों व अभियंताओं के साथ जीएसएस नियंत्रण कक्ष में समीक्षा बैठक ली तथा क्षेत्र में सुचारू विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए। गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने क्षेत्र में बिजली आपूर्ति से जुड़ी जनसमस्याओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में आमजन को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने लो-वोल्टेज, अघोषित कटौती और बार-बार ट्रिपिंग जैसी समस्याओं पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का त्वरित व स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

गृह राज्य मंत्री बेढम ने वृज नगर के डाबक में 220 एवं 132 केवी जी एस एस का निरीक्षण किया।

- लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग का हो त्वरित समाधान - जवाहर सिंह बेढ़म

उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति में लापरवाही या अनावश्यक विलंब किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगा और ऐसी समस्याओं पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जवाहर सिंह बेढम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कई बार तेज अंधड़, अत्यधिक ओवरलोड या अचानक उत्पन्न होने वाली तकनीकी खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। ऐसी आकस्मिक परिस्थितियों में आमजन उद्वेलित या आक्रोशित न हों।

उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे धैर्य बनाए रखते हुए तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचित करें, ताकि फाल्ट को अविलंब दुरुस्त कर आपूर्ति पुन: बहाल की जा सके। मंत्री बेढम ने राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि हमारा मुख्य संकल्प जनता के प्रति पूर्ण जवाबदेही के साथ प्रशासनिक और बुनियादी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं सुनिश्चित करना है।

अलवर में कलेक्टर ने आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर चिकित्सा विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने विभागीय योजनाओं एवं जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर सीएमएचओ को निर्देशित किया कि एनक्वास पैरामीटर के आधार पर जिले की 23 सीएचसी की ऑडिट आगामी 10 दिनों में कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही एनक्वास पैरामीटर के गेप को फिल करने हेतु कार्य योजना भी प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देशित किया कि चिन्हित किए गए चिकित्सा संस्थानों की मरम्मत फण्ड की उपलब्धता होने पर 30 जून तक सुनिश्चित की जाए। अगर फण्ड उपलब्ध नहीं है तो उसकी सूचना आगामी दो दिवस में देवे, ताकि सीएसआर व अन्य मदों से उनकी मरम्मत कराई जा सके।

उन्होंने विगत बैठक में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित चिकित्सा संस्थानों द्वारा मुख्यमंत्री आयुष्मान आयोग्य (मां) योजना के तहत पैकेज बुकिंग में वृद्धि कर करोड रूपये करने का मासिक लक्ष्य दिया गया था। उसको अर्जित करने पर चिकित्सा विभाग की टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 में जहां जिले के ग्रामीण चिकित्सा संस्थानों में मासिक रूप से मात्र 32 लाख रूपये के पैकेज बुक किए जा रहे थे। वहीं अब मासिक रूप से एक करोड दो हजार रूपये के क्लेम बुक किए गए हैं। उन्होंने इसे और बेहतर करने के दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इससे चिकित्सा संस्थाओं की आय में वृद्धि होगी जिससे मरीजों को और बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा सकेंगी।

कलेक्टर आर्तिका शुक्ला ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली।

जिला कलक्टर ने आयुष्मान योजना के तहत आगामी 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत कार्ड वितरण एवं पीकेवाईसी कार्यक्रम करने का मासिक आधार पर लक्ष्य दिया। साथ ही उन्होंने समाधान शिविरों में संबंधित उपखण्ड में दिए गए लक्ष्यों को अर्जित करने हेतु निर्देशित किया। इसके लिए उन्होंने सीएमएचओ को साप्ताहिक समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए मरीजों को चिकित्सालय में की दवाएं लिखी जाए, बाहर की दवा नहीं लिखे। उन्होंने निर्देश दिये कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु सतर्क रहे।

उन्होंने निर्देश दिये कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल का नियमित रूप से अवलोकन करते हुए पोर्टल की उच्च स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

खैरथल कलेक्ट्रेट में तीसरी मंजिल पर लगी आग, कोई नुकसान नहीं

खैरथल। शुक्रवार को जिला सचिवालय भवन में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब तीसरी मंजिल पर अचानक आग भड़क उठी। गनीमत रही कि भवन में लगा आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम तुरंत एक्टिव हो गया। स्प्रिंकलर सिस्टम ने आग को फैलने से पहले ही काबू कर लिया और कोई जनहानि नहीं हुई।

सूचना पर दमकल की गाड़ियां भी मिनटों में मौके पर पहुंचीं और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। त्वरित कार्रवाई पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने कहा कि कर्मचारियों की सजगता ने बड़ा हादसा टाल दिया। उन्होंने ने बताया कि शुक्रवार को जिला सचिवालय भवन के तृतीय तल पर आग लग गई। आग की लपटें उठते ही भवन का फायर अलार्म बज गया और ऑटोमैटिक स्प्रिंकलर सिस्टम चालू हो गया। पानी की तेज बौछार से आग को शुरुआती दौर में ही नियंत्रित कर लिया गया।

सूचना पर दमकल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए बची हुई चिंगारी पर भी पूरी तरह काबू पा लिया। पूरी घटना में करीब 10 मिनट लगे और हालात सामान्य हो गए। इस दौरान कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों ने घबराहट नहीं दिखाई। सभी ने अनुशासन के साथ सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया और तय रास्ते से सुरक्षित बाहर निकल गए।

- आग लगने पर फायर सेफ्टी सिस्टम हुआ एक्टिव, स्प्रिंकलर से आग शुरुआती स्तर पर ही बुझी। आधुनिक सिस्टम और मॉकड्रिल आई काम, सुरक्षा प्रोटोकॉल से बची सरकारी फाइले

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि भवन में लगे आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम की वजह से आग को फैलने का मौका नहीं मिला। समय पर होने वाले सुरक्षा अभ्यास और कर्मचारियों की जागरूकता इस घटना में काम आई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और सरकारी दस्तावेज भी सुरक्षित रहे। उन्होंने दमकल दल की त्वरित कार्रवाई और फायर सेफ्टी सिस्टम की प्रभावी कार्यप्रणाली की सराहना की। साथ ही कहा कि सुरक्षा मानकों के प्रति निरंतर सतर्कता बेहद जरूरी है।

जनजागरण अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन

कोटपूतली। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश में महंगाई और बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था के खिलाफ चलाये जा रहे जनजागरण अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को कोटपूतली में विधानसभा प्रभारी डॉ. विनोद कुमारी सांगवान के नेतृत्व में पेट्रोल-डीजल, गैस की भारी किल्लत तथा बेहताशा बढ़ती कीमतों, प्रदेश में बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था, ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में भीषण गर्मी के मौसम में बिजली-पानी की अनियमित आपूर्ति, शहर में जाम नालों, ठप पड़ी सफाई व्यवस्था और स्थानीय जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डबल इंजन की भाजपा सरकार के खिलाफ दैनिक उपभोग की वस्तुओं की महंगाई कम करने की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए इस विकराल समस्या के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अहम केंद्रित फेल विदेश नीति को जिम्मेदार ठहराया और उनका इस्तीफा माँगा। भारी संख्या में आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुये उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा ने कहा कि मोदी पहले की सरकारों को कोसते हुए तंज कसते थे कि जब देश और दुनिया में रुपये की कीमत डॉलर के मुकाबले गिरती है तो देश की इज़्ज़त गिरती है। आज एक डॉलर सौ रुपये को छुने जा रहा है, आज देश की जनता आप से पूछ रही है कि अब किस की इज्जत गिर रही है। उन्होंने भाजपा सरकार से जिम्मेदारी तय करने और जल्द न्याय संगत समाधान की मांग की। संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन आंदोलन में आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डबल ईंजन की भाजपा सरकार की नाकाम, अकर्मण्य, आकण्ठ भ्रस्टाचार में डूबी भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाष चंद सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, कांग्रेस नेता भीम पटेल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व कांग्रेस नेता सांवत गुर्जर, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एड. सतीष निमोरिया, पीसीसी महासचिव जगदीश मीना, रमेश गुप्ता, हनुमान सैनी, सेवादल जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव, अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष मुनानुदीन कुरैशी, युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेष रावत एवं मुकेष कसाना, सरपंच विक्रम छावड़ी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल आर्य, जगदीश मीणा, महिला कांग्रेस पीसीसी सचिव कविता टोरड़ा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मंजू रावत, केएम बंसल, ब्रह्मानन्द गौड़, सरदार इन्द्रपाल सिंह, प्रभू रावत, सावंत सरपंच, सचिन रावत, अभिषेक रावत, मुकेश मुक्कड, अनिल भरगड़, एड.पवन सैनी, कमलेश मीणा, लोकेश शर्मा, इन्द्राज कसाना समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

- लगातार बढ़ती बेलगाम महंगाई से आम जनता त्रस्त : कसाना

भंवर जितेंद्र सिंह जमवाय माता के दर्शन करने पहुंचे

मानपुरा माचेडी । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह शुक्रवार को सपरिवार जमवाय माता मंदिर पहुंचे। अलवर से रवाना होकर जमवारामगढ़ पहुंचे भंवर जितेंद्र सिंह ने परिवार सहित मंदिर में धोक लगाकर माता की पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश में सुख-समृद्धि और अमन-चैन की कामना की। जमवारामगढ़ पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. विकास जैफ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर एवं साफा बांधकर अभिनंदन किया। इस दौरान डॉ. विकास जैफ ने उनसे क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, जल संकट और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा की। भंवर जितेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और आमजन के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का आव्हान किया। मीडिया से बातचीत में भंवर जितेंद्र सिंह ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इस समय अवसर नहीं बल्कि लूट की सरकार चल रही है।

सार-समाचार

'परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ' अभियान के तहत परिंडे लगाए

पावटा। माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा के तत्वावधान में चलाए जा रहे परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को एसडीएम निवास एवं रेस्ट हाउस पावटा परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हेतु परिंडे लगाए गए। कार्यक्रम उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा के सानिध्य में आयोजित हुआ तथा पूर्व सरपंच एवं प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान रमेश टीलावत एनजीओ संरक्षक, हरिपाल मीणा गुरुजी, कृष्ण कुमार ओला, योगेश कुमार सैनी एवं बनवारी लाल वर्मा के नेतृत्व में अभियान को आगे बढ़ाते हुए परिसर में विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए गए ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी मिल सके। उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौर में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना अत्यंत पुण्य का कार्य है एनजीओ संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि यह अभियान पूर्ण रूप से जन सहयोग से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक 211 परिंडे लगाए जा चुके हैं ।

मनीष बने बीजेपी एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष

टोंक। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के निर्देशन में नवनियुक्त बीजेपी एसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष बैरवा ने चौहान के आवास पहुंचकर उनका आभार जताया। इस दौरान मनीष बैरवा ने जिलाध्यक्ष चौहान को माला और साफा पहना कर आभार जताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। हम सभी को मिलकर संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन ने समर्पित व जमीनी कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी दी है। वहीं नवनियुक्त एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष बैरवा ने कहा कि पार्टी ने मुझे जिस भरोसे व विश्वास के साथ इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, उसे मैं निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जिले में भाजपा का संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत है, उसे और मजबूत करूंगा, इसके अलावा भाजपा से जुड़े पुराने अभिभावकों का मार्गदर्शन लेकर निरंतर पार्टी व जनता की सेवा करता रहूंगा। साथ ही अनुसूचित जाति वर्ग के हितों एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों की क्राइम बैठक ली

टोंक। जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा ने शुक्रवार को जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और थानाधिकारियों की पहली क्राइम बैठक लेकर कानून व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश दिया। बैठक में उन्होंने अवैध बजरी खनन, साइबर अपराध, मादक पदार्थ तस्करी तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कार्यभार संभालने के बाद जिले की स्थिति की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से ली तथा विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराधों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सबसे पहले अवैध बजरी खनन के मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि जिले में किसी भी सूरत में अवैध खनन नहीं होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई पुलिस अधिकारी या कर्मचारी अवैध बजरी खनन में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव, पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा सहित मीड़िया के लोग मौजूद रहे।

प्रतिमा स्थापना दिवस पर निकली भव्य शोभायात्रा

किशनगढ़ बास। अलवर रोड स्थित जलदाय विभाग कार्यालय के पास हनुमान मंदिर में शुक्रवार को भक्ति का सैलाब उमड़ा। हनुमान जी महाराज की प्रतिमा स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर 'जय श्री राम' और 'जय बजरंग बली' के जयकारों से गूंज उठा। सुबह रामायण पाठ का आयोजन हुआ और शाम को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शनिवार को हवन-यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन समिति के ओम सिंह ने बताया हनुमान जी महाराज के प्रतिमा स्थापना दिवस पर मंदिर समिति की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है। शुक्रवार सुबह विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रामायण पाठ शुरू कराया। बडी संख्या में श्रद्धालु पाठ में शामिल हुए और हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। शाम होते ही मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवा जमकर थिरके। शोभायात्रा में हनुमान जी की मनमोहक झांकी मुख्य आकर्षण रही। पूरा शहर 'बजरंग बली' के जयकारों से भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा प्रमुख बाजारों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। मंदिर समिति के ओम सिंह ने बताया कि शनिवार को सुबह हवन-यज्ञ के साथ पूर्णाहुति होगी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने के लिए समिति ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने के लिए अपील की है।

खैरथल में होगा स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव

खैरथल। खैरथल-तिजारा जिले के लिए रेलवे से बड़ी खुशखबरी आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और खैरथल को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस को खैरथल में ठहराव की मंजूरी मिल गई है।केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने अलवर सांसद एवं केंद्रीय वन-पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अनुशंसा पर गाड़ी संख्या 12249/12250 शकूरबस्ती-जैसलमेर स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस का खैरथल स्टेशन पर स्टॉपेज दे दिया है।लंबे समय से खैरथल के व्यापारी, उद्यमी और आम नागरिक इस ट्रेन के ठहराव की मांग कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित खैरथल की मांग को गंभीरता से लेते हुए रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा था। अब यहां के उद्यिमयों को दिल्ली, रेवाड़ी, अलवर, जयपुर, जोधपुर और जैसलमेर तक सीधी ट्रेन मिलेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रेन के रुकने से बाजार में रौनक बढ़ेगी। पर्यटन और निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। छात्रों, नौकरीपेशा और मरीजों को दिल्ली-जयपुर आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे जल्द ही ठहराव की तारीख और समय-सारिणी जारी करेगा।

जल यात्रा का स्वागत किया

निवाई। किसान महापंचायत द्वारा खेती-बाड़ी के लिए पानी की मांग को लेकर आयोजित जल यात्रा तीसरे दिन विभिन्न गांवों से होते हुए लुहारा पहुँची। यात्रा को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और गांव-गांव में ग्रामीणों द्वारा आगे से आगे यात्रा की सभी व्यवस्थाएं संभाली जा रही हैं। लुहारा पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।